MCOMR-01

June - Examination 2026
M.Com. (Final) Examination
RESEARCH METHODOLOGY
शोध प्रविधि
Paper : MCOMR-01

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **80***]

Note :- The question paper is divided into three Sections A, B and C. Write answers as per the given instructions in each section.

निर्देश :– यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

Section-A **8×2=16**

(Very Short Answer Type Questions)

Note :- Answer **all** questions. As per the nature of the question delimit your answer in one word, one sentence or maximum up to **30** words. Each question carries **2** marks.

खण्ड–'अ'

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

1. (i) State any two limitations of Business Research.
व्यावसायिक अनुसंधान की कोई दो सीमाएं लिखिए।

(ii) Define Research Methodology.
अनुसंधान (शोध) प्रविधि की परिभाषा दीजिए।

(iii) "Editing provides accuracy to the statistical investigation" How?
''सम्पादन क्रिया सांख्यिकी अनुसंधान को शुद्धता प्रदान करती है'' कैसे?

(iv) What is nominal scale?
नाममात्र (Nominal) मापक क्या हैं?

(v) Write difference between single dimensional and duo (Two) dimensional diagrams.
एक विमा तथा द्विविमा चित्रों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(vi) In a class of 50 students, 20 have failed and their average of marks is 2.5. The total marks secured by the entire class were 280. Find the average marks of those who have passed.
50 विद्यार्थियों की कक्षा में से 20 विद्यार्थी जो फेल (असफल) हुए उनके औसत अंक 2.5 थे। पूरी कक्षा ने कुल 280 अंक अर्जित किये तो जो विद्यार्थी पास (सफल) हुए उनके औसत अंक कितने थे?

(vii) Compute the value of both the quartiles from the following data -

निम्न समंकों से दोनों चतुर्थकों की गणना कीजिए –

10, 14, 16, 4, 6, 18, 30, 27, 25, 20

(viii) Why are there two Regression lines?

प्रतीपगमन की रेखायें दो क्यों होती है?

Section-B 4×8=32

(Short Answer Type Questions)

Note :- Answer **any four** questions. You have to delimit your each answer maximum up to **200** words. Each question carries **8** marks.

खण्ड–'ब'

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

2. Discuss the role of research in business decision making.
व्यावसायिक निर्णय निर्माण में शोध की भूमिका का वर्णन कीजिए।

3. Discuss the sources of secondary data and evaluate their reliability.
द्वितीयक समंकों के स्त्रोतों को समझाइए तथा उनकी विश्वसनीयता का परीक्षण कीजिए।

4. Explain the concept of measurement and its importance in Research.
मापन की अवधारणा एवं शोध में उसके महत्व का वर्णन कीजिए।

5. Compare the merits and demerits of diagrammatic and graphical presentation in brief.
चित्रमय एवं बिन्दुरेखीय प्रदर्शन के गुण व दोषों का संक्षेप में तुलनात्मक अध्ययन कीजिए।

6. Calculate the Karl Pearson's coefficient of skewness from the following data -
उक्त समंकों से कार्ल पियर्सन के विषमता गुणक की गणना कीजिए –

Age in Years आयु वर्षों में	No. of Students विद्यार्थियों की संख्या
10	04
11	07
12	09
13	15
14	08
15	05
16	02

7. Write short notes on the following -
निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए –

(a) Biased and Unbiased Error
पक्षपातपूर्ण और निष्पक्ष त्रुटि

(b) Absolute and Relative Errors
निरपेक्ष और सापेक्ष त्रुटियां

8. Find the missing frequency of the following frequency distribution if median wages are ₹ 24 -
आवृत्ति वितरण की उक्त सूचना से अज्ञात आवृत्ति ज्ञात कीजिए यदि मध्यका मजदूरी 24 ₹ हो –

Wages per day in ₹ (प्रतिदिन मजदूरी ₹ में)	No. of workers (मजदूरों की संख्या)
0 - 10	12
10 - 20	23
20 - 30	?
30 - 40	13
40 - 50	17

9. Discuss the importance of sampling in Research and explain the characteristics of a good sample.
अनुसंधान में निदर्शन के महत्व की विवेचना कीजिए तथा एक अच्छे निदर्शन की विशेषताओं को समझाइए।

Section-C 2×16=32

(Long Answer Type Questions)

Note :- Answer **any two** questions. You have to delimit your each answer maximum up to **500** words. Each question carries **16** marks.

खण्ड–'स'

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **16** अंक का है।

10. Explain Quota sampling and Purposive sampling. Discuss their advantages and limitations.
कोटा निदर्शन तथा उद्देश्यपूर्ण निदर्शन को समझाइए तथा उनके लाभ एवं सीमाओं की विवेचना कीजिए।

11. Calculate Mean, Median and Mode from the following data -

निम्नलिखित समंकों से समान्तर माध्य, मध्यका तथा बहुलक की गणना कीजिए –

Profit or loss in ₹ (लाभ – हानि ₹ में)	No. of firms (फर्मों की संख्या)
3000 to 4000	05
2000 to 3000	10
1000 to 2000	15
0 to 1000	08
– 1000 to 0	06
– 2000 to – 1000	05
– 3000 to – 2000	04
– 4000 to – 3000	07

12. Explain the Term Regression. How are regression equations derived? Explain by an example.

प्रतीपगमन को समझाइए। प्रतीपगमन समीकरणों की रचना किस प्रकार की जाती है? एक उदाहरण की सहायता से समझाइए।

13. Write explanatory notes on following -

निम्नलिखित पर व्याख्यात्मक टिप्पणियां लिखिए –

(a) Standard Deviation

प्रमाप विचलन

(b) Mean Deviation

माध्य विचलन

(c) Inter Quartile Range

अन्तर चतुर्थक विस्तार

(d) Range

विस्तार
